# सूर्य ग्रहण के नजारे को लोगों ने कैमरे में किया कैद



**जयपुर** (कासं)। दीपावली के अगले दिन यानि 25 अक्टूबर को सूर्यग्रहण रहा। इस कारण गौवर्धन पूजा और अन्नकूट जैसे आयोजन भी एक दिन के लिए टल गए। सूर्य ग्रहण के नजारे को लोगों ने अपने कैमरे में कैद किया। उधर सूर्य ग्रहण के पृथ्वी पर विपरीत प्रभावों से बचाने के लिए श्रद्धालुओं ने कई मंदिरों में हवन किया। इस दौरान मंदिरों के पट बंद रहे। लोगों ने मंत्र जाप और हवन किया। ब्रह्मपुरी, वाटिका स्थित गायत्री शक्तिपीठ में परिव्राजकों ने सपरिवार सूर्य गायत्री मंत्र का जप और हवन किया। किरण पथ, मानसरोवर स्थित वेदना निवारण केन्द्र में भी जप-हवन किया गया।

आर्ष संस्कृति दिग्दर्शक ट्रस्ट की ओर से ग्रहणकाल में आगरा रोड खानिया स्थित हरिसिंह भौमियां जी मंदिर में विश्व शांति के लिए हुए हवन में गोनी महाराज, राजेन्द्र प्रसाद, धर्म प्रचारक विजय शंकर पांडेय के साथ भक्तों ने भी यज्ञ देवता को आहुतियां अर्पित की। प्रांरभ में आराध्य इष्ट देव का जाप किया। पूर्णाहुति के बाद गलताजी में स्नान कर गायों को चारा डाला। गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में पं. राजकुमार चतुर्वेदी के सान्निध्य में ग्रहणकाल में गायत्री महायज्ञ किया गया।

- **ग्रहणकाल में मंदिरों के पट बंद रहे, लोगों ने किया हवन-यज्ञ**

इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां अर्पित की। मालवीयनगर के रामजीपुरा में कृष्ण नवयुवक मंडल की ओर से हवन किया गया। नवयुवक मंडल के अध्यक्ष रमेश चंद्र शर्मा ने बताया कि स्थानीय निवासियों ने गायत्री मंत्र से आहुतियां अर्पित की। इस अवसर पर कृष्णा नवयुवक मंडल के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## डॉ. पूनिया ने शुभकामनाएं दीं

**जयपुर**। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने 24 अक्टूबर को अपने जन्मदिवस के अवसर पर दिन की शुरुआत अपनी मां परमेश्वरी देवी का आशीर्वाद लेकर की।

इसके बाद सतीश पूनिया ने सपरिवार मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर, शिला माता जी मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, काले हनुमान जी मंदिर, ताड़केश्वर जी मंदिर दर्शन एवं पूजन कर प्रदेश की खुशहाली और तरक्की की कामना की और सभी प्रदेशवासियों को दीपावली, गोवर्धन और भाई दूज की शुभकामनाएं दी। इसके बाद पूनियां ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में लक्ष्मी जी पूजन किया, इस दौरान भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर सहित प्रदेश पदाधिकारी, कार्यकर्ता, सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। जन्मदिन के अवसर पर सतीश पूनिया ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में जरूरतमंद बच्चों को कपड़े वितरित किए।

# जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में शामिल होंगे श्रेष्ठ कहानीकार

**जयपुर**, (का.सं.)। कथा लेखन में वो ताकत होती है, जो पाठकों को तुरंत ही एक काल्पनिक जगत में ले जाती है। ये ताकत वास्तव में कहानी कहने की कला में ही निहित है। जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल के 16वें संस्करण में शामिल होने वाले दुनिया के श्रेष्ठ कहानीकार आपको इसी कला से रुबरु करायेंगे।

फेस्टिवल का आयोजन 19-23 जनवरी 2023 को होटल क्लार्क्स आमेर, जयपुर में किया जायेगा। फेस्टिवल में हम जहाँ देसी-विदेशी भाषाओँ के विविध लेखन का लुत्फ़ उठाते हैं, वहीँ इस साल दुनिया के जाने-माने कथाकार श्रोताओं को अपने लेखन के विषय, अपने रोचक किरदारों की पृष्ठभूमि, और रहस्य-रोमांच के तड़के के बारे में विस्तार से बताएँगे।

- **वक्ताओं की दूसरी सूची जारी**
- **फेस्टिवल में इंटरनेशनल बुकर प्राइम में सम्मानित लेखिका गीतांजलि श्री भी आएंगी**

आज जारी हुई वक्ताओं की दूसरी लिस्ट में दुनिया के कई लोकप्रिय कहानीकारों के नाम शामिल रहे, जिनमें इंटरनेशनल बुकर प्राइज से सम्मानित हुई लेखिका गीतांजलि श्री के साथ ही थे अमीश, अमित चौधरी, एंड्रू एल्टसुल, अनु सिंह चौधरी, अनुकृति



शेहान करूनातिलक



अमीश

उपाध्याय, चित्रा बनर्जी दिवाकरुनी, क्रिस्टोफर क्लोएब्ले और दीप्ति कपूर थी। लिस्ट में शामिल दूसरे प्रभावशाली वक्ता एलैन कैनिंग, इरा टाक, हन्नाह रोसचाइल्ड, तृप्ति पांडे, जमील जान कोची, जेनिस परिअट और कैथरीन रुन्डेल है।

फेस्टिवल में शामिल होने वाले अन्य वक्ता इतिहासकार और कामयाब उपन्यासकार कैटी हिकमन; लेखिका किरण मनराल; पुरस्कृत इंटरनेशनल लेखिका मंजिरी प्रभु; लेखक मार्लोन जेम्स; लेखक मोइन मेरे; फेस्टिवल की को-डायरेक्टर व साहित्य अकादमी पुरस्कार से सम्मानित लेखिका नमिता गोखले; अमेरिका में भारत के भूतपूर्व राजदूत और लेखक नवतेज सरना; द्विभाषी लेखिका सुधा मूर्ती और लेखिका व साहित्यिक अनुवादक टिफ़नी त्सो हैं।

इससे पहले प्रकाशित हुई लिस्ट में शामिल प्रसिद्ध वक्ता नोबेल प्राइज विजेता अब्दुल रज़ाक गुरनाह; 2022 में बुकर प्राइज से सम्मानित शेहान करुनातिलक और साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार से सम्मानित तनुज सोलंकी, साथ ही अशोक फेर्रे, अश्विन सांघी, अविनो किरे, बेर्नार्दिन एवारिस्तो, शिगोज़ी ओबिओमा, होवार्ड जैकबसन, नोवायलेट बुलावायो, जैरी पिंटो, उपन्यासकार व फिल्ममेकर रुथ ओज़ेकी, और लेखिका व पत्रकार वौहिनी वारा थे।

देश और दुनिया के साहित्य प्रेमियों के दिलों में जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल का एक अलग ही मुकाम रहा है। इस साल, फेस्टिवल के 16वें संस्करण में श्रोता फेस्टिवल के विशेष सत्रों, म्यूजिक स्टेज, फेस्टिवल बाज़ार, फ़ूड स्टाल के साथ शब्दों की ताकत का जश्न मनाएंगे।

## तलाकशुदा कोटे में नियुक्ति नहीं देने पर जवाब मांगा

**जयपुर**, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने एलडीसी भर्ती-2013 में कट ऑफ से अधिक अंक लाने के बावजूद अभ्यर्थी को तलाकशुदा कोटे में नियुक्ति नहीं देने पर पंचायती राज सचिव और बाड़मेर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी से जवाब मांगा है। वहीं अदालत ने एक पद याचिकाकर्ता के लिए रिक्त रखने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश मनीषा मीना की याचिका पर दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने एलडीसी भर्ती-2013 में आवेदन किया था। इससे पूर्व उसका सामाजिक तलाक हो गया था। वहीं कोर्ट से तलाक की डिक्री आवेदन की अंतिम तिथि के बाद मिली। याचिकाकर्ता के भर्ती में तलाकशुदा कोटे की कट ऑफ से अधिक अंक आए थे। इसके बावजूद विभाग ने यह कहते हुए नियुक्ति देने से इनकार कर दिया कि उसकी तलाक की डिक्री आवेदन करने की अंतिम तिथि के बाद की है और सामाजिक रूप से दिया गया तलाक विधि मान्य नहीं है। याचिका में कहा गया कि वह एसटी वर्ग से है और इस वर्ग पर हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधान लागू नहीं होते हैं। ऐसे में उसे सामाजिक रूप से दिए तलाक को विधि मान्यता देते हुए तलाकशुदा कोटे में नियुक्ति दी जाए।

# श्री स्वामीनारायण अक्षरधाम मंदिर में ठाकुरजी को लगाया 1111 व्यंजनों का भोग

**जयपुर**, (का.सं.)। वैशाली नगर, चित्रकूट स्थित श्री स्वामिनारायण अक्षरधाम मंदिर में बुधवार को प्राचीन वैष्णव परंपरा के अनुसार गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान ठाकुरजी को 1111 से अधिक प्रकार के सात्विक व्यंजनों का अन्नकूट अर्पित किया गया। व्यंजनों में मुख्यतः राजस्थानी, गुजराती, दक्षिण भारतीय, उत्तर भारतीय एवं अन्य क्षेत्रीय व्यंजनों के साथ दुग्ध पदार्थों, फलों, अनाजों से बने पारंपरिक भारतीय व्यंजनों की आकर्षक झांकी सजाई गई।

- **राज्यपाल ने की वेदोक्त पूजा अर्चना-गोवर्धन पूजा एवं अन्नकूट महोत्सव मनाया**

इस अवसर पर राज्यपाल कलराज मिश्र भी श्री स्वामिनारायण मंदिर पहुंचे और ठाकुरजी के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के कोठारी संत सर्वदर्शन स्वामी ने राज्यपाल को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने वेदोक्त विधि से गोवर्धन पूजा कर अन्नकूट की मुख्य आरती की एवं प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। उन्होंने अपने व्यक्तव्य में प्रमुखस्वामी महाराज के सनातन हिन्दू धर्म को विश्वव्यापी बनाने एवं इसका प्रचार-प्रसार करने के कार्य की सराहना की। इसके साथ ही उन्होंने श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं को देखकर मंदिर प्रशासन एवं स्वयंसेवकों की प्रशंसा की।

अन्नकूट के इस पावन अवसर पर सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, भाजपा संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तथा जयपुर के अन्य कई लोगों ने गोवर्धन पूजा एवं गौ माता की पूजा सम्पन्न की। अन्नकूट की मनोरम झांकी के दर्शन का लाभ लिया।

यह वर्ष प्रमुख स्वामी महाराज के शताब्दी महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में मंदिर में विशेष झांकी सजाई गई। इस अवसर पर बाल मण्डल की ओर से व्यसन-मुक्ति के लिए प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें नशे से होने वाली बीमारियों तथा इससे होने वाले नुकसान के बारे में आगंतुकों को जानकारी देकर व्यसन त्यागने का मैसेज दिया।



**राज्यपाल कलराज मिश्र भी श्री स्वामीनारायण मंदिर पहुंचे और ठाकुरजी के दर्शन किए। इस दौरान मंदिर के कोठारी संत सर्वदर्शन स्वामी ने राज्यपाल को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका सम्मान किया।**

# दीपावली पर कोविड जांच घटने से संक्रमितों का ग्राफ गिरा

**जयपुर** (कासं)। दीपावली पर प्रदेश में कोविड जांच नहीं होने का गहरा असर बुधवार को नये संक्रमितों की संख्या पर दिखा। बुधवार को प्रदेश में मात्र 3 करोना संक्रमित मरीज मिले, इनमें से एक रोगी जोधपुर में तथा 2 संक्रमित कोटा में मिले है। पिछले तीन दिनों में भी मात्र 28 संक्रमित सामने आए है। उधर रिकवरी में तेजी के कारण एक्टिव केस भी घटे है। बुधवार को 37 करोना संक्रमित रोगी रिकवर हुए है, ऐसे में अब मात्र 320 एक्टिव केस ही शेष बचे है।

चिकित्सा विभाग के अनुसार राज्य में दीपावली के दिन सोमवार को 12 नए संक्रमित मिले और 24 रिकवर हुए। मंगलवार को 13 नए मरीज मिलने के साथ ही 38 मरीज इस संक्रमण से मुक्त हुए। जबकि बुधवार को राज्य में मात्र 3 मरीज मिले हैं। इस दौरान कोटा में 2 और जोधपुर में एक संक्रमित मिला है। राहत की बात रही कि आज जयपुर में एक भी मरीज नहीं मिला है। इस बीच आज चिकित्सा विभाग ने राज्य में 714 मरीजों के सैम्पल की जांच भी की है।

- **प्रदेश में बुधवार को 3 करोना संक्रमित मिले, इनमें जयपुर में आंकड़ा शून्य पर रहा**
- **राज्य में बीते 3 दिनों में 28 संक्रमित रोगी पाए गए हैं, अब 320 एक्टिव केस शेष बचे**

